आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 27.05.2025 समय 0720

**मुख्य समाचार :—**

- पिथौरागढ़ जिले में गौरीगंगा नदी पर प्रस्तावित 120 मेगावाट क्षमता की जलविद्युत परियोजना को मंजूरी। मुख्यमंत्री ने कहा— यह परियोजना उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।
- प्रदेश में नहर, नलकूप और लिफ्ट नहर को ग्राम पंचायत समितियों के माध्यम से संचालित किया जाएगा।
- खेल मंत्री रेखा आर्य ने प्रदेश में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय के निर्माण प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- और... पौड़ी जिले के पांडव कालीन पैठाणी मंदिर को पर्यटन के मानचित्र पर लाने की कवायद शुरू।

## गौरीगंगा परियोजना

पिथौरागढ़ जिले में गौरीगंगा नदी पर प्रस्तावित 120 मेगावाट क्षमता की सिरकारी भ्योल रूपसियाबगड़ जलविद्युत परियोजना को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परियोजना को मंजूरी मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

यह परियोजना पर्यावरण की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील रूप से डिजाइन की गई है। लगभग एक किलोमीटर सुरंग निर्माण और अधिकांश संरचनाएं भूमिगत होने के कारण वनभूमि पर प्रभाव नगण्य रहेगा। परियोजना क्षेत्र में कोई राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव अभ्यारण्य या ईको—सेंसिटिव जोन नहीं है और न ही इससे किसी प्रकार का विस्थापन होगा।

इस परियोजना से प्रतिवर्ष अनुमानित 529 मिलियन यूनिट हरित ऊर्जा का उत्पादन होगा, जिससे उत्तराखण्ड की विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ ही राज्य को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। साथ ही स्थानीय लोगों को स्थायी और अस्थायी रोजगार, आधारभूत ढांचे का विकास और पलायन पर नियंत्रण जैसे अनेक लाभ होंगे।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में कारगर साबित हो रही है। इस योजना के तहत ऊधमसिंहनगर के गदरपुर ब्लॉक की चंदन नगर ग्राम पंचायत की समूह की महिलाएं अपनी विरासत संस्कृति को अपनाकर लगातार आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि योजना के तहत महिलाएं रजाई, सिलाई कढ़ाई बेडशीट और कपड़े के थैले बनाना सीख रही हैं।

नारी शक्ति संगठन की अध्यक्ष ज्योति सरकार और श्री कृष्णा समूह की कोषाध्यक्ष बीना मंडल का कहना है कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़कर उन्हें काफी लाभ मिल रहा है।

## सिंचाई व लघु सिंचाई

प्रदेश में नहर, नलकूप और लिफ्ट नहर को ग्राम पंचायत समितियों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन ने देहरादून में आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को प्रदेश में सिंचाई क्षमता और अच्छी खेती वाले क्षेत्रों को चिन्हित करने के निर्देश दिए।

लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने ड्रिप और स्प्रिंकल योजना पर फोकस किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के भूजल की कमी वाले स्थानों में पानी की बचत के लिए ड्रिप और स्प्रिंकल योजना अत्यधिक लाभप्रद होगी। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों में सौर ऊर्जा से संचालित होने वाली लघु सिंचाई योजनाओं को बढ़ाए जाने की भी बात कही।

खेल विवि

खेल मंत्री रेखा आर्य ने प्रदेश में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय के निर्माण प्रक्रिया में तेजी लाने और खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न जॉब के लिए प्रस्ताव शासन को जल्द प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं। खेल निदेशालय में अधिकारियों के साथ बैठक में खेल मंत्री ने देश भर के खेल विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम का अध्ययन कर प्रदेश में सबसे बेहतरीन ढांचा तैयार करने पर जोर दिया।

श्रीमती आर्या ने कहा कि खेल विश्वविद्यालय में पदों की आवश्यकता को लेकर शासन से जल्द अनुमति ली जाए। इसके अलावा खेल मंत्री ने विश्वविद्यालय के कोर्सों को मान्यता दिलाने के लिए यूजीसी के साथ पत्राचार करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना और मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत चुने गए युवा खिलाड़ियों को धनराशि का भुगतान एक सप्ताह के भीतर किया जाएगा।

## पैठाणी राहु मंदिर

पौड़ी जिले के पांडव कालीन पैठाणी मंदिर को पर्यटन के मानचित्र पर लाने की कवायद शुरू कर दी है। जिलाधिकारी डॉक्टर आशीष चौहान ने मंदिर का निरीक्षण करने के साथ ही मंदिर के विकास को लेकर मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने मास्टर प्लान तैयार करने के साथ ही हेलीपैड निर्माण के लिए भूमि चयन और जल संरक्षण के लिए सारा अभियान के तहत मंदिर के आसपास के जलस्रोतों व संगम पर स्थित दोनों नदियों की सफाई के निर्देश दिए।

## सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल

सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को उजागर करने के लिए विश्व नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। शिष्टमंडल ने विभिन्न देशों का दौरा कर आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की भारत की नीति को मजबूती से रखा है। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय शिष्टमंडल ने कल कांगो की विदेश राज्य मंत्री थेरेसी काइकवाम्बा वैगनर से भेंट की। श्री शिंदे ने कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले देश के साथ व्यापार और वार्ता एक साथ नहीं चल सकती।

## कार्यभार

विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित मेजर जनरल एमपीएस गिल ने उत्तराखंड सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग–जीओसी का पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने मेजर जनरल आर. प्रेम राज का स्थान लिया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनका मुख्य फोकस सैन्य क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का समावेश, आत्मनिर्भर भारत में योगदान, पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का कल्याण तथा राज्य प्रशासन के साथ समन्वय को और मजबूत करने पर रहेगा।

**अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...**

उत्तराखंड सरकार के अधिकारियों को नोटिस जारी—इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र खबर में लिखता है— राज्य के शिक्षकों की नियुक्ति से जुड़े मामले में आदेशों का पालन नहीं करने पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस।

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं के लिए सृजित करें 400 से ज्यादा पद— इस शीर्षक के साथ अमर उजाला लिखता है— खेल मंत्री रेखा आर्या ने बैठक में दिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश।

12 वीं पास बेटियों को नौकरी के लिए जापान भेजेगी सरकार...इस शीर्षक के साथ अमर उजाला लिखता है— सेवायोजन विभाग ने मांगे आवेदन, जापानी भाषा कोर्स भी निशुल्क कराएगी सरकार।

उत्तराखंड में वर्दीधारी सेवाओं के लिए अब होगी एकीकृत परीक्षा— इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है— पुलिस, परिवहन, आबकारी, वन, सचिवालय सेवा आदि विभाग रहेंगे शामिल।

वहीं उत्तराखंड के श्रीनगर से एक दुखद खबर है... बडियारगढ़ में कार गिरने से चार लोगों की जान गईकृस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है— कीर्ति नगर— बडियारगढ़ मोटरमार्ग पर देर रात को हुआ हादसा... चंडीगढ से धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे चार लोग।